
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 76 मुरादाबाद 11 July 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## 'मां काली का आशीर्वाद भारत के साथ', काली विवाद के बीच बोले पीएम मोदी; भाजपा नेता ने महुआ मोइत्रा को फिर घेरा

प्रधानमंत्री ने कहा, ये सम्पूर्ण जगत, ये चर-अचर, सब कुछ मां की चेतना से व्याप्त है। यह चेतना बंगाल की काली पूजा में दिखती है। यही चेतना बंगाल और पूरे भारत की आस्था में दिखती है और जब आस्था इतनी पवित्र होती है तो शक्ति हमारा पथ प्रदर्शन करती है। मां काली विवाद के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, सब कुछ मां की चेतना से ही व्याप्त है। मां काली का आशीर्वाद हमेशा देश के साथ है। दरअसल, पीएम मोदी रविवार को स्वामी आत्मस्थानंद के शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मां काली को लेकर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा, स्वामी रामकृष्ण परमहंस, एक ऐसे संत थे जिन्होंने मां काली का स्पष्ट साक्षात्कार किया था, जिन्होंने मां काली के चरणों में अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया था। वो कहते थे- ये सम्पूर्ण जगत, ये चर-अचर, सब कुछ मां की चेतना से व्याप्त है। पीएम ने कहा, यह चेतना बंगाल की काली पूजा में दिखती है। यही चेतना बंगाल और पूरे भारत की आस्था में दिखती है और जब आस्था इतनी पवित्र होती है तो शक्ति हमारा पथ प्रदर्शन करती है। उन्होंने कहा, मां काली का असीमित और असीम आशीर्वाद भारत के साथ है। भारत इसी आध्यात्मिक ऊर्जा को लेकर आज विश्व कल्याण की भावना से आगे बढ़ रहा है।



### आयोजन

पीएम मोदी ने कहा, स्वामी आत्मस्थानंद का शताब्दी समारोह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भी कई भावनाओं और स्मृतियों से भरा हुआ है। स्वामी आत्मस्थानंद जी का मुझे सदैव आशीर्वाद मिला है। ये मेरा सौभाग्य है कि आखरी पल तक मेरा उन से संपर्क रहा। पीएम मोदी ने कहा, मुझे खुशी है उनके जीवन और मिशन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आज दो स्मृति संस्करण, चित्र जीवनी और डॉक्युमेंट्री भी रिलीज हो रही है।




### एक भारत-श्रेष्ठ भारत का उद्घोष करती रही संत परंपरा

पीएम मोदी ने कहा, सैकड़ों साल पहले आदि शंकराचार्य हों या आधुनिक काल में स्वामी विवेकानंद, हमारी संत परंपरा हमेशा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का उद्घोष करती रही है। रामकृष्ण मिशन की तो स्थापना 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के विचार से जुड़ी हुई है।आप देश के किसी भी हिस्से में जाइए, आपको ऐसा शायद ही कोई क्षेत्र मिलेगा जहां विवेकानंद जी गए न हों, या उनका प्रभाव न हो। उनकी यात्राओं ने गुलामी के उस दौर में देश को उसकी पुरातन राष्ट्रीय चेतना का अहसास करवाया, उसमें नया आत्मविश्वास फूंका।

### अमित मालवीय ने महुआ पर साधा निशाना

पीएम मोदी के भाषण के बाद भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने महुआ मोइत्रा पर निशाना साधा। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न केवल बंगाल बल्कि पूरे भारत को मां काली की भक्ति का केंद्र बताते हैं। दूसरी ओर, एक टीएमसी सांसद ने मां काली का अपमान किया। उन पर कार्रवाई के बजाय ममता बनर्जी उनका बचाव करती हैं।

स्मृतियों से भरा हुआ

## अंतिम संस्कार के लिए पिपराघाट लाया गया साधना गुप्ता का शव, मुलायम सहित यादव अन्य नेता व परिजन मौजूद



मुलायम सिंह यादव की पत्नी साधना गुप्ता का शव अंतिम संस्कार के लिए पिपराघाट लाया गया है। यहां पर मुलायम सिंह यादव सहित परिवार के अन्य सदस्य व बड़ी संख्या में सपा समर्थक मौजूद हैं।सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की पत्नी साधना गुप्ता का शव अंतिम संस्कार के लिए लखनऊ के पिपराघाट लाया गया है। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, यादव परिवार के अन्य सदस्य व बड़ी संख्या में सपा समर्थक यहां मौजूद हैं। साधना गुप्ता का शनिवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया था। उनके पार्थिव शरीर को लखनऊ लाया गया। जिसे मुलायम के सरकारी आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उनके अंतिम दर्शन किए। शनिवार शाम से ही मुलायम के आवास पर सपा कार्यकर्ताओं और उनके शुभचिंतकों का जमावड़ा शुरू हो गया। लोगों ने मुलायम परिवार के लोगों को सांत्वना दी। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी रविवार को उनके अंतिम दर्शन किए। भाजपा नेता रीता बहुगुणा जोशी भी साधना गुप्ता को अंतिम विदाई देने के लिए मुलायम के आवास पर पहुंचीं। इसके पहले शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पत्नी साधना का निधन अत्यंत दु्खद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान व उनके परिजनों को यह दु्ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ? शांति! उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ट्वीट कर कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की धर्मपत्नी साधना गुप्ता के निधन की दु:खद सूचना प्राप्त हुई। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि गोलोकवासी पुण्यात्मा को शांति व परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ? शांति शांति शांति। प्रभु पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में जगह दे और मुलायम सिंह यादव व उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति दे।

## योगी सरकार का माफियाओं पर कसता शिकंजा, बाराबंकी में गैंगस्टर सगे भाइयों की दो करोड़ की संपत्ति कुर्क

योगी सरकार माफिया-आपराधियों पर लगातार सख्ती बनाए है। बाराबंकी में गैंगस्टर के आरोपी दो सगे भाइयों की दो करोड़ रुपए से अधिक कीमत की अचल सम्पत्ति कुर्क की। कुर्की की गई संपत्ति में आरोपियों के तीन मकान व दो दुकान शामिल हैं। कुर्की की कार्रवाई से पहले गांव में मुनादी कराई गई। कोतवाली हैदरगढ़ के नरौली गांव निवासी अंशू मिश्र व इसके सगे भाई विक्की मिश्र पर कई आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। दोनों वर्तमान में गैंगेस्टर एक्ट के तहत जेल में हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर सीओ व तहसीलदार पुलिस बल के साथ दोपहर में सबसे पहले नरौली गांव स्थित आरोपी अंशू मिश्र के मकान पर पहुंचे। यहां ढोल बजाकर पूरे गांव में मुनादी कराई गई। इसके बाद बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर सभी कमरों को सील कर मुख्य दरवाजे में ताला डालकर कुर्की से संबंधित सूचना चस्पा कर दी। प्रशासन ने इसी गांव के बाहर अंशू मिश्र की बनी दो दुकानों को भी कुर्क कर सील कर दिया गया। इसके बाद टीम कस्बा हैदरगढ़ के पूरे मितई वार्ड स्थित आरोपी विक्की मिश्र के मकान पर पहुंची। यहां भी मुनादी के बाद इसका दो मंजिला मकान को कुर्क कर सील कर दिया गया। इसके बाद टीम कस्बा में ही दशहरा बाग स्थित दोनों भाइयों के मकान पर पहुंची। यहां पर भी मुनादी के बाद दो मंजिला मकान को कुर्क कर सील कर दिया गया।घर में लगे हाईटेक कैमरे देख चकित हुए पुलिसकर्मी- पूरे मितई वार्ड स्थित विक्की मिश्र के दो मंजिला मकान के बाहर व अंदर चारों ओर कई हाईटेक कैमरे लगे हैं। घर में लगे इन डिजिटल कैमरों को देख पुलिसकर्मी आश्चर्य चकित रहे। यह भी चर्चा रही कि इन कैमरों के चलते कहीं दूर बैठे आरोपियों के परिजन कुर्की की कार्रवाई देख रहे होंगे।

# जमीनी विवादों को राजस्व/पुलिस टीम मौके पर जाकर निपटाएं-जिलाधिकारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- शासन के मंशानुरूप समाधान दिवस/थाना दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच अब फरियादियो के मोबाइल पर बात कर की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।उक्त विचार थाना सिरसिया में आयोजित समाधान दिवस/थाना दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने व्यक्त किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समाधान दिवस/थाना दिवस में आई जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि बालिकाओं/महिलाओं की शिकायतों का मौके पर जाकर प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय-सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन प्रकरणों की पूर्णवृत्ति न होने पावे। इस अवसर पर थानाध्यक्ष, राजस्व निरीक्षकगण, लेखपालगण सहित फरियादीगण उपस्थित रहे। तदोपरान्त कोतवाली भिनगा में आयोजित समाधान दिवस/थाना दिवस में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के टीमों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायते प्राप्त हुई है, उनका मौके पर जाकर बिना किसी पक्ष पात के निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अपनी समस्याओं को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, थानाध्यक्ष, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं फरियादीगण उपस्थित रहे।

# प्राचीन काली मंदिर के स्थल पर विशेष समुदाय के दबंगो का कब्जा करने का प्रयास



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जमुनहा श्रावस्ती - तहसील जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीसीर के मजरा बेगमपुर बहराइच से जमुनहा राज्य मार्ग से सटा हुआ प्राचीन काली मंदिर व गावट माँ का स्थान बना हुआ जहाँ पर हिन्दू धर्म के लोग पूजा पाठ करते है , टू लाइन से सटा हुआ 17 का गाटा संख्या 96 खा गाटा संख्या 53 खाद गड्ढा व सरकारी जमीन पड़ती है । गाटा संख्या 17 क के पीछे गाटा संख्या 18 हुशेन पुत्र बऊर व शरीफ पुत्र बाउर की जमीन पड़ती है , जिसमें पक्की न्यू भरकर मकान बना रहे है , धर्म स्थल होने के नाते ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला से की व उच्चाधिकारियों से भी की गई । जिसकी पैमाइश तहसील टीम राजस्व निरीक्षक लेखपाल , नायब तहसीलदार शुभम तिवारी द्वारा जाकर मौके पर की गई । जिसमें पैमाइश के दौरान 25 कड़ी सरकारी जमीन पर हुशेन व शरीफ के वारिशों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करके अवैध रूप से ईट की पक्की न्यू भर लिया गया है । पैमाइश के दौरान उपरोक्त टीम द्वारा कब्जा हटाने के लिए कहा गया है । इस सम्बंध में नायब तहसीलदार जमुनहा से जानकारी लेने पर बताया गया कि अवैध कब्जा करने वाले 7 लोगो पर धारा 67 की कार्यवाही की गई है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# ट्रिपल आई इंस्टीट्यूट की द्वितीय शाखा का हुआ शुभारंभ

प्रद्युम्न कटियार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



कानपुर/बिल्हौर( शिवराजपुर )- युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं मे बेहतर परिणाम दिलाने के लिए रविवार को शिवराजपुर में बैरी क्रासिंग के पास निजी भवन में ईश्वर इम्पीरियल इंस्टीट्यूट की द्वितीय शाखा का शुभारंभ कैलाश कटियार ( प्रबंधक रामसहाय इंटर कालेज ) एवं कानपुर कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव जी ने रिबन काटकर किया ,इस दौरान कैलाश नारायण जी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है, बड़ी संख्या में छात्र छात्रायें दूरदराज से शहर में जाकर शिक्षा ग्रहण करते है ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को क्षेत्र में ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए अच्छा प्लेटफार्म मिले इसके लिए ऐसे क्षेत्र में कोचिंग का संचालन जरूरी है इससे ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राएं लाभान्वित होंगे, कार्यक्रम का संचालन विनय कटियार ने किया, ट्रिपल आई इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर विवेक कटियार ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा जो छात्र छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते है प्रवेश प्रारम्भ हो चुके है, कानपुर कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव कन्नौजिया ने कहा इस क्षेत्र में कोचिंग खुलने से कई छात्र/छात्राओं को लाभ मिलेगा जो कोचिंग करने के लिए शहर नहीं जा पाते थे अब ऐसे छात्र छात्राओं को शिवराजपुर में ही कोचिंग करने का मौका मिल गया है संस्थान के संस्थापक ईश्वर दयाल कटियार ने कहा कि गरीब तबके के युवा अधिक होने के कारण कोचिंग प्रबंधन ने गरीब परिवार के बच्चों के लिए रियायत दर पर कोचिंग देने की व्यवस्था भी की है भौतिकी विशेषज्ञ विनय कटियार ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो छात्र छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते है वह प्रवेश लेकर क्लास जॉइन कर सकते है अनुभवी अध्यापकों के द्वारा छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाएं एवं एकेडमिक क्लासेस पढ़ाई जाएंगी, हिंदी एक्सपर्ट डॉशलक्ष्मी शर्मा ने कहा छात्र छात्राओ को प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम मिल सके इसके लिए इंस्टीट्यूट के सभी टीचर मेहनत से पढ़ाएंगे एवं मृदुल योग ट्रेनिंग संस्थान के डायरेक्टर प्रद्युम्न कटियार ने कहा शिवराजपुर में ट्रिपल आई की द्वितीय ब्रांच का शुभारंभ होने से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी अतिथि के तौर पर कैलाश नारायण ,सत्येंद्र कटियार, राजीव कन्नौजिया, बृजेश कटियार ( एडवोकेट ),विजय चौहान, सुमित कटियार अविनाश जी, प्रांजुल जी एवं संस्थापक राजीव कटियार ,छात्र छात्राओं समेत कई लोग मौजूद रहे।

# चार वारण्टी गिरफ्तार

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा जनपद में चलाए जा रहे अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अलग-अलग अभियोगो से संबंधित 04 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। थाना इकौना 1.कन्हैया पुत्र सत्यराम निवासी कंजडवा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती 2 उबेद खां पुत्र अब्दुल अजीज निवासी पठानपुरवा खरेबनकटी हालपता पांच पीरान दा0 इकौना देहात थाना इकौना जनपद श्रावस्ती थाना मल्हीपुर 1.पुत्तू उर्फ पुत्तन पुत्र कनछेद साकिन हरदत्त नगर गिरन्ट थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती 2. कलाम पुत्र जब्बार अली साकिन नगईगांव थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती

# बाढ़ राहत के लिए पांच चौकी स्थापित

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- तहसील जमुनहा के अंतर्गत राप्ती नदी के जलस्तर बढ़ने के साथ प्रशासन ने बनाई 5 बाढ़ राहत चौकी बनाया गया प्रशासन बरसात को देखते हुए तथा राप्ती नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण क्षेत्र में बाढ़ चौकी स्थापित की गई है 1पंचायत भवन बहोरवा,2 विकास खंड कार्यालय जमुनहा,3-लाल बोझा दरवेश गांव प्राथमिक विद्यालय तृतीय दरवेश गांव , 4आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर बन गई,5-प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मण नगर, किसान इंटर कॉलेज लक्ष्मण नगर, तथा बाढ़ चौकियों पर राजस्व निरीक्षक को प्रभारी बनाया गया है कोई भी समस्या आती है तो उपरोक्त बाढ चौकी पर जाकर राजस्व निरीक्षक से संपर्क करें जिससे आपकी समस्या का निदान किया जा सके। जो भी शिकायते प्राप्त हुई है, उनका मौके पर जाकर बिना किसी पक्ष पात के निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अपनी समस्याओं को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा थानाध्यक्ष, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं फरियादीगण उपस्थित रहे।

# ठाकुरद्वारा में ईद उल अजहा का त्योहार धूमधाम से मनाया




मुरादाबाद-ईद उल अज़हा का त्योहार पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक मनाया गया। कुर्बानी के बाद लोगों ने एक दूसरे के घर पहुंच कर ईद की बधाई दी। ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज़ अदा कर मुल्क और कोम की खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ मांगी गयी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार की सुबह ईद उल अजहा की नमाज मस्जिदों में अदा की गई। लोगों ने मुल्क और कौम की तरक्की और अमन के लिए दुआएं मांगी। तहसील इमाम एवं मदरसा रफीक उल उलूम के प्रधानाचार्य कारी अब्दुल मुईद ने नमाज अदा करा कर मुल्क और कौम की तरक्की की दुआ कराई। कुर्बानी को लेकर सुबह बहुत जल्दी ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाह पर पहुंचना शुरू कर दिया था। नमाज अदा करने के बाद कुर्बानी देने का सिलसिला शुरू हुआ। इसके बाद लोगों के घरों पर पहुंचकर ईद की मुबारकबाद दी गई। सपा विधायक नवाब जान खान, पूर्व ब्लाक प्रमुख मुजाहिद अली, पूर्व विधायक डॉ.मोहम्मद उल्ला चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ.मोहम्मद हनीफ, हाफिज शराफत अंसारी, व्यापार मंडल संरक्षक एवं मुस्लिम इंटर कॉलेज के अध्यक्ष हाजी रफीक सैफी के आवासों पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

## तेजस हॉस्पिटल में हुआ ईद मिलन समारोह

ठाकुरद्वारा। तेजस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में डायरेक्टर पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ बलराम सिंह ने ईद मिलन समारोह का आयोजन किया। लोगों ने हॉस्पिटल पहुंच कर ईद मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ बलराम सिंह ने ईद की शुभकामनाएं दीं।

# सिर्फ सरकारी नौकरी से दूर नहीं होगी बेरोजगारी : जितेंद्र सिंह





मुरादाबाद-बेरोजगारी सिर्फ सरकारी नौकरी से दूर नहीं होने वाली। हमने स्वरोजगार से नए अवसर मुहैया करवाए हैं। पिछले आठ वर्षों से इससे पूर्व की सरकारों की तुलना करें तो फर्क दिख जाएगा। यह बात यहां केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहीं। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि नई तकनीक और सुविधाओं की वजह से युवा प्रतिभा कमाल कर रही है। लोग कारपोरेट की नौकरियां छोड़ कर आ रहे हैं। मोदी सरकार ऐसा बेस बना चुकी है कि जब कम 2047 में देश की आजादी का सौवां जश्न मनाएंगे तो हमारे पास तमाम उपलब्धियां गर्व करने को होंगी। आधुनिक खेती में स्टार्टअप एक बहुत बड़ा कदम है। कश्मीरी पंडितों पर अत्याचार और पलायन के सवाल पर कहा वाकई में कई घटनाएं द्रवित करती हैं पर आप देखें जब कश्मीरी पंडितों पर संकट आया भाजपा ही उनके साथ खड़ी दिखाई दी। उन्होंने देश के मौजूदा माहौल धार्मिक आधार पर बयानबाजी पर कोई जवाब न देते हुए सिर्फ इतना कहा कि हम धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते। हमारे योजनाएं गवाह हैं कि हमने चेहरा देख कर किसी को योजनाओं का लाभ नहीं दिया। मुरादाबाद में तीन दिन प्रवास के बाद दिल्ली लौटते वक्त उन्होंने कहा कि वह यहां ब्रास में फ्यूजन से अपार संभावनाएं देख रहे हैं। चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में कहा कि भाजपा हर वक्त चुनाव के लिए तैयार रहती है। कार्यकर्ताओं की निरंतर क्षमता विकास के लिए पार्टी इस तरह के कार्यक्रम करती रहती है।

# डिलारी में ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्ण संम्पन्न,पुलिस-प्रशासन रहा अलर्ट



नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-डिलारी- जिले भर में बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। ईदगाहों एवं मस्जिदों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। डिलारी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रशासन मुस्तैद रहा । ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी और फिर कुर्बानी का सिलसिला शुरु हुआ। मौसम को देखते हुए बारिश की आशंका जताई जा रही थी जिस कारण कुछ जगहों पर मस्जिदों में ही ईद उल अजहा की नमाज अदा की गयी लेकिन नमाज के दौरान बारिश नहीं हुई. इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में बकरीद की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस दौरान लोगों ने अमन चैन के लिए दुआएं मांगी। नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

# डिलारी के गांव पीलकपुर श्योराम में शांतिपूर्ण संपन्न हुई बकरीद की नमाज,देश में अमन चैन के लिए मांगी दुआ



नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-डिलारी-पीलकपुर श्योराम में ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्ण संम्पन्न , मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी और फिर कुर्बानी का सिलसिला शुरु हुआ। खराब मौसम को देखते हुए पीलकपुर श्योराम में ईद उल अजहा की नमाज मस्जिद में ही अदा की गई। वही मस्जिद के पेश इमाम ने अपने खिताब में लोगों से अपील करते हुए ईद उल अजहा के मौके पर साफ सफाई का ख्याल रखने की और सड़कों पर कुर्बानी ना करने की अपील की उन्होंने कहा जो शासन प्रशासन की तरफ से गाइडलाइन जारी की गई है उसका पालन करें ईद उल अजहा के मौके मौके पर प्रशासन भी मुस्तैद रहा मस्जिद के पेश इमाम ने ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा की ईद एक प्यार और मोहब्बत का पैगाम देने वाला त्यौहार है। इस दौरान लोगों ने देश के लिए अमन और चैन के लिए दुआ मांगी नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Laxmanrekha of association

After a long time in the midst of the speaking Congress, the President of the Congress Publicity-Publication Committee and the party's National Secretary Sudhir Sharma also had to speak, so this is also a new custom of adapting to the decorum of the election. The domination of the leaders has always dominated the existence of the party, which is marching by leaps and bounds. For this, familyism, casteism and Delhi Durbar were largely tied in a tradition, but now the vows and promises are changing. The new executive of the state has been a successful exercise in creating restraint, coincidence and balance in itself. The opposition of the Sadke Party has come on the streets and the leaders are being taught to come together on the stage. This time the people of the state are examining the Congress from a different angle and therefore the prospects of the party are being seen on the tongue of every leader and the stage of programs. After many statements of Leader of Opposition Mukesh Agnihotri, Election Campaign Committee President Sukhwinder Sukhu and Party President Pratibha Singh, Sudhir Sharma has spoken for the first time, so these words are chosen and roasted. Sudhir Sharma has called for a direct ban on the preparation of different khichdi by the leaders and pasting of promotional material in the election campaign. This announcement is not coming just like that, but the words show that the boundaries are being violated indiscriminately. However, this disease was seen among BJP leaders, when on one pretext or the other, hoardings or walls were brushed with their own names. Ironically, by stealing the slogans of the Congress party, the leaders presented themselves as the biggest warriors. In fact, in quantitative terms, the number of office-bearers is not able to tell how much weight of which leader is and hence self-centred propaganda is getting out of the frame. Till now Congress hoardings were divided among Pratibha Singh, Sukhwinder Sukhu and Mukesh Agnihotri, but on the basis of these, every assembly constituency is also preparing Congress Veer. How important and effective the meaning of Sudhir Sharma is, it will be considered on the test now, but if he manages to get it done officially, then some more problems of the party can be tightened. It is another matter that the comments of some big leaders are also struggling. When Pratibha Singh became a victim of BJP's attack while speaking loudly, the condolences of her son and MLA Vikramaditya on social media also forgot the party line many times. Questions have also been raised on the intention of Mukesh and Sukhu by coming out of the piggy bank of their words. Srinivas have tied every special and common of the party, there is only one message Congress is getting that this war should not be better than each other. And one cannot be won by calling someone weak. The Congress leaders had grown so big when they lost power last time that the party remained small and eventually lost all those who were pulling each other's legs. In such a situation, if the leg of self-realized leaders who are standing on posters is being pulled, then this discipline has to be shown to the big leaders first.“More about this source text

# Worked as a romantic hero, got the tag of Babuji after this first film

Veteran actor Alok Nath has left his mark in different roles from TV to Bollywood. He has played all kinds of characters from positive to negative, but if the name of Alok Nath is taken in the acting world, then only the image of his Babuji emerges in the mind. Actor Alok Nath is celebrating his 65th birthday on 10 July. So let's know how Alok Nath got the tag of Babuji from TV to films and which was his first film in which he played the role of father. Actor Alok Nath is originally from Delhi, his father was a doctor, due to which he wanted his son to go ahead in the same profession, although after his school and college studies, Alok Nath's interest was towards acting. And because of this, he joined the college's Ruchika Theater Group. After this, he studied at the National School of Drama for three years and learned acting skills. Alok Nath has played the roles of father and father-in-law in films ranging from many actors and actresses to TV. He has morphed into the role of father to such an extent that his image has become that of typical Babuji. However, he is well-liked in other characters as well. Even Alok Nath has done tremendous villainy in TV. At the same time, he has also worked as a romantic hero in his career. Alok Nath, who has made his mark in both Bollywood and small screen, has worked in about 140 films in his career, as well as in more than 15 TV serials. Have seen. The veteran actor started his career in 1980 with the film Gandhi. Although his role in this film was very small and after that Alok Nath had to struggle a lot in Mumbai to make his mark. Veteran actor Alok Nath has left his mark in different roles from TV to Bollywood. He has played all kinds of characters from positive to negative, but if the name of Alok Nath is taken in the acting world, then only the image of his Babuji emerges in the mind. Actor Alok Nath is celebrating his 65th birthday on 10 July. So let's know how Alok Nath got the tag of Babuji from TV to films and which was his first film in which he played the role of father. Actor Alok Nath is originally from Delhi, his father was a doctor, due to which he wanted his son to go ahead in the same profession, although after his school and college studies, Alok Nath's interest was towards acting. And because of this, he joined the college's Ruchika Theater Group. After this, he studied at the National School of Drama for three years and learned acting skills. Alok Nath has played the roles of father and father-in-law in films ranging from many actors and actresses to TV. He has morphed into the role of father to such an extent that his image has become that of typical Babuji. However, he is well-liked in other characters as well. Even Alok Nath has done tremendous villainy in TV. At the same time, he has also worked as a romantic hero in his career. Alok Nath, who has made his mark in both Bollywood and small screen, has worked in about 140 films in his career, as well as in more than 15 TV serials. Have seen. The veteran actor started his career in 1980 with the film Gandhi. Although his role in this film was very small and after that Alok Nath had to struggle a lot in Mumbai to make his mark. He has worked as a romantic hero- Alok Nath may be known today as Sanskari Babu ji but he has also worked as a romantic hero in his career. Alok Nath gave very bold scenes in the 1987 film 'Kamagni'. Apart from this, he has also given a different dimension to villainy. For the first time in this film, he did the role of father - actor Alok Nath may have turned 65 today, but since he was half of his age i.e. when he was 32 years old. His image had started to form as Babuji. In the 1988 film 'Qayamat Se Qayamat Tak', Alok Nath may not have played the role of Aamir Khan's father, but he played the character of a man who raises a child. And the image of the father made from the serial - Apart from this, in films like 'Hum Saath-Saath Hain', 'Hum Aapke Hain Koun', 'Pardes', 'Maine Pyar Kiya', 'Vivah', he is a father, father-in-law or father-in-law. Appeared in the role of uncle. Talking about TV, Alok Nath played his roles very well in the role of father in serials like 'Sapna Babylon Ka Bidaai', 'I live in palaces', 'Here I played house to house', 'Buniyaad'. Huh.



# सी ओ आर के तिवारी तुलसी सम्मान से विभूषित नशा मुक्ति अभियान के लिए हुए पुरस्कृत ,जेल सुधारक डॉ प्रदीप रघुनंदन ने सौंपा सम्मान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-कासगंज -जेल सुधारों के क्षेत्र में पिछले 16 वर्षों से सफलतापूर्वक कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता जेल सुधारक डॉ प्रदीप रघुनंदन ने आज क्षेत्राधिकारी पुलिस पटियाली आरके तिवारी को तुलसी सम्मान से विभूषित किया। सी ओ पटियाली को यह सम्मान नशा मुक्ति के क्षेत्र में चलाए जा रहे उनके विभिन्न अभियानों के लिए दिया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ रघुनंदन ने फूल मालाओं से क्षेत्राधिकारी का सम्मान करते हुए उन्हें तुलसी सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। ज्ञात हो कि यह सम्मान उन्हें 16 जून 2022 को कासगंज के डीएवी इंटर कॉलेज में आयोजित नशा मुक्त समाज आंदोलन में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री कौशल किशोर जी के हाथों को सौंपा जाना था लेकिन अनुपस्थित रहने के कारण उन्हें यह सम्मान आज गंजडुंडवारा में दिया गया। तुलसी सम्मान से विभूषित किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए क्षेत्राधिकारी पटियाली आर के तिवारी ने कहा कि सम्मान निश्चित रूप से व्यक्ति को और अच्छे कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मैंने सदैव पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन किया है द्य मेरी कोशिश रहती है कि मैं अपने कार्य जनमानस के साथ पूरी तरह से न्याय करता हूं और पुलिस की एक नई समाज के छवि गढ़ सकने के लिए प्रयासरत रहता हूं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए एक आईना है जो सदैव मुझे मेरे कर्तव्यों की याद दिलाता रहेगा। नशा मुक्त समाज आंदोलन के संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता जेल सुधारक डॉ प्रदीप रघुनंदन ने कहा कि क्षेत्रअधिकारी पटियाली ने अपनी पुलिसिंग के जरिए समाज में एक नई छवि बनाई है। उनके नेतृत्व में पुलिस में समाज और लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने अपने सर्किल में नशे जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए विशेष अभियान संचालित किए है जिसके सकारात्मक परिणाम आए हैं और युवा उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर नशा मुक्त रहने का संकल्प संकल्प ले रहे। डॉ रघुनंदन ने कहा कि तुलसी सम्मान के लिए जनपद एटा एवं जनपद कासगंज के लिए 12 विभूतियों को शामिल किया गया था, जिनमें साहित्य कला संस्कृति समाज सेवा खेलकूद एवं राजनीति क्षेत्रों के लोग शामिल थे। इस अवसर पर कोतवाली गंजडुंडवारा के प्रभारी निरीक्षक उपनिरीक्षक गण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# जिला पंचायत से 35 पंखा चोरी कर ले गए चोर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिला पंचायत में रखे हुए पंखे चोरी हो गए। जानकारी होने के बाद मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिला पंचायत में रखे हुए पंखे चोरी हो गए। जानकारी होने के बाद मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिला पंचायत संसाधन केन्द्र के सहप्रबधंक मोहर सिंह ने कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि जिला पंचायत के एक कमरे में छत पर लगाने वाले पंखे रखे हुए थे। आरोप है कि चोर कुछ दिन पहले करीब 35 पंखे चोरी कर ले गए। जानकारी होने के बाद होश उड़ गए। पीड़ित ने चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मां को चोट लगने के बहाने ले जाकर युवती से दुष्कर्म

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- मां के चोट लगने की झूठी बात कहकर युवक किशोरी को अपने साथ ले गया और खेत पर ले जाकर तमंचा दिखाकर गलत मां के चोट लगने की झूठी बात कहकर युवक किशोरी को अपने साथ ले गया और खेत पर ले जाकर तमंचा दिखाकर गलत किया। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। मामले की रिपोर्ट पीड़िता ने आरोपी के विरुद्ध दर्ज कराई है। थाना मलावन के एक गांव निवासी पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शुक्रवार को बेटी घर पर काम कर रही थी। आरोप है कि अमर निवासी निगोह हसनपुर थाना मलावन घर पर आया। बेटी से बोला कि उसकी मां बेरियर के पास गिर गई और मां के काफी चोट लग गई है। बेटी घबरा गई और आरोपी के साथ चली गई। आरोप है कि खेत पर ले जाकर आरोपी ने बेटी के साथ तमंचा दिखाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। जिससे वह घबरा गई। जानकारी पर पहुंचे ग्रामीणों को पीड़िता ने शोर मचाया। ग्रामीणों को आता देख आरोपी भाग गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शनिवार को पुलिस ने मेडिकल के लिए महिला जिला अस्पताल भेजा है। मलावन पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# अफसरों पर न आए कोई आंच, बंद कर दी एक हजार आवेदकों की जांच

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- नगर पालिका परिषद की रिपोर्ट पर वित्तीय वर्ष 2020-21 में एक हजार से अधिक लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया। बाद में इनकी पात्रता पर आपत्ति खड़ी होने के बाद जांच शुरू हुई, लेकिन अभी तक स्थिति साफ नहीं हुई। जांच अभी तक अधूरी है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की शुरूआत साल 2014 में हुई थी। जिसके बाद से साल 2020 तक करीब छह हजार आवेदकों को लाभ दिया गया। वित्तीय वर्ष 2020-21 में नगर पालिका की ओर से करीब एक हजार आवेदकों को पीएम आवास का लाभ दिया गया। जिसमें इनकी पात्रता पर कई लोगों द्वारा सवाल खड़े किए गए। जिसके बाद नगर पालिका परिषद के तत्कालीन ईओ ने इसकी जांच समिति बनाई। लेकिन हर साल की तरह जांच समिति ने कोई रिपोर्ट प्रस्तुत की और न ही किसी अधिकारी पर आंच आई। साथ ही अपात्र भी पीएम आवास का लाभ ले रहे हैं। इस साल भी पीएम आवास की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया लेकिन अधिकारियों के स्थानांतरण होने की वजह से यह प्रक्रिया भी लटक गई। इसमें एएसडीएम राम नयन, तहसीलदार सीपी सिंह, पीओ डूडा, और ईओ का शामिल किया था। जांच में शहर की पांच कांशीराम कॉलोनी में निवास करने वाले लोगों का सत्यापन किया जाना था।

> ■ हाल ही में पालिका ईओ पद का प्रभार मिला है। इस तरह का मामला संज्ञान में नहीं आया है। मामले की जानकारी कर जांच कराएंगे। कोई गड़बड़ी हुई है तो कार्रवाई की जाएगी। - रामनयन, एएसडीएम व प्रभारी ईओ

WWW.KNLSLIVE.COM

# शादी से लौट रहे व्यापारी की कार ट्रक से भिड़ी, 6 घायल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मिरहची। शादी समारोह से लौट रहे व्यापारी की कार ट्रक के अचानक रुकने से उससे पीछे से भिड़ गई। जिससे व्यापारी और परिवार के 6 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए एटा में एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। कस्बा मिरहची निवासी अतुल सोनी शुक्रवार को आगरा में एक शादी समारोह में गए थे। साथ में पत्नी पूजा सोनी, पुत्री गौरी व वैष्णवी, पुत्र दिव्य और मां भी थीं। शनिवार को अपनी कार से घर के लिए वापस लौट रहे थे। करीब डेढ़ किलोमीटर पहले नगला नथा के पास आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे अतुल की कार ट्रक में जा घुसी। दुर्घटना में सभी घायलों को आसपास के लोगों ने बाहर निकलवाया। पुलिस भी वहां पहुंच गई। एंबुलेंस की मदद से घायलों को एटा मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

# तीन बाइकों सवार आठ लुटेरों ने हमला कर लूट ली बाइक

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- बाइक से घर लौट रहे युवक पर पर बाइकों सवार आठ लुटेरों ने हमला कर दिया। नकदी से भरा बैग और बाइक लूटकर ले बाइक से घर लौट रहे युवक पर पर बाइकों सवार आठ लुटेरों ने हमला कर दिया। नकदी से भरा बैग और बाइक लूटकर ले गए। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। बैग कुछ दूर से बरामद हो गया है। मामले की रिपोर्ट पीड़ित ने लुटेरों के विरूद्ध दर्ज कराई है। थाना रिजोर के गांव रामनगर निवासी अभिषेक कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मेंहदी लगाने का काम करता है। शुक्रवार को एटा में मेंहदी लगाकर गांव लौट रहा था। ईशन नदी पुल पर तीन बाइकसवार आठ लुटेरों ने ओवरटेक कर पीड़ित को रोक लिया और हमला कर घायल कर दिया। ड़रा-धमकाकर पीड़ित से तीन हजार से अधिक रुपये से भरा बैग, बाइक लूट ले गए। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार कुछ दूरी से बाइक बरामद हो गई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# दीपक सक्सेना को अंतरराष्ट्रीय सनातन परिषद संगठन मे उत्तर भारत का बनाया गया संयोजक



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली - दीपक( आशु भाई ) ने उत्तर भारत का संयोजक चुने जाने पर अंतरराष्ट्रिय सनातन परिषद के संस्थापक एंव राष्ट्रीय अध्यक्ष मा0 मंयक श्रीवास्तव जी का साधुवाद किया और संस्थापक महोदय को विश्वास दिलाते हुए दीपक ( आशु भाई ) ने अपने वक्तव्य मे कहा कि संस्थापक महोदय ने मुझे सनातन धर्म संस्कृति कायम रखने और सनातन धर्म के अन्य संगठनो का एकीकरण कर सनातन धर्म को मजबूत करने के उद्देश्य से दायित्व सौंपा है जिसे मै पूरी जिम्मेदारी से पूरा करूंगा। हमने अपने संगठन सशक्त सनातन हिन्दू संघ को अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद मे विलय करके अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद के साथ मंच साझा किया और सनातन धर्म को मजबूत बनाने की पहल करी है मै अपने सनातन धर्म के खिलाफ हर उठने आवाज को उसी भाषा जबाब दूँगा जिस भाषा को गैर सनातनी उचित भाषा मे समझना चाहेंगे अब सनातन धर्म आतंकी जेहादी फतवा भाषा शैली के खिलाफ हर कानूनी भाषा मे धर्मादेश जारी करा करेगा। अंतरराष्ट्रीय सनातन परिषद सभी धर्मो का सम्मान करता है लेकिन अपने सनातन धर्म के खिलाफ साजिश रचने वालों पर कठोर कार्यवाही जरूर करेगा। लव जेहाद, गौकशी, मठ मंदिरो पर कब्जे जैसी घटनाओ को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद जल्दी ही क्रान्तिवीर सेना तैयार करेगा जो शासन प्रशासन को लव जेहादियो, गौकशी, सनातनियो का जबरन धर्म परिवर्तन करवाने वालो की जानकारी देगा। गैर सनातन धर्म विवाह पर भी अंकुश लगाया जायेगा। धार्मिक स्थल व शिक्षण संस्थानो के आस पास लगभग पांच सौ मीटर के दायरे से मांस-मदिरा गुटखा बीड़ी सिगरेट की दुकाने चिन्हित करके हटवायी जायेगी ताकि धार्मिक स्थलो की पवित्रता बनी रहे और शिक्षण संस्थानों मे पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं पर गलत प्रभाव न पड़े। अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद अपनी भारतीय सनातनी सभ्यता और संस्कृति की पहचान को पूरी दुनिया कायम रखने लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# हिंदू हो या मुसलमान हो, लहू लाल सबका ही होता- उपमेंद्र




तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली - सन् 1982 से नियमित मासिक काव्य गोष्ठी कराने वाली बरेली जनपद की लोकप्रिय साहित्यिक संस्था- कवि गोष्ठी आयोजन समिति के तत्वावधान में स्थानीय लक्ष्मी पुरम हार्टमैन में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डॉ राजेश शर्मा के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थाध्यक्ष रणधीर प्रसाद गौड़ %धीर% ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर हुआ। वंदना मोहन चंद्र पांडेय ने प्रस्तुत की। कवि गोष्ठी में कवियों- शायरों ने सभी को ईद की बधाई देते हुए अपनी रचनाओं के माध्यम से देश में अमन, चैन, आपसी भाईचारा ,सद्भाव एवं सौहार्द का संदेश दिया और देर शाम तक शमाँ बाँधे रखा। रणधीर प्रसाद गौड़ धीर नेअपनी रचना इस प्रकार प्रस्तुत की- आप आ जाएँ गर जिंदगी में, मन के मन्दिर में बस जाएँ आकर ईद-होली भी तब ही सफ़ल हैं जब मिले आपका रुए अनवर। गीतकार उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट ने अपनी रचना के माध्यम से कहा कि- हिंदू हो या मुसलमान हो, लहू लाल सबका ही होता,झेलें सब दु्ख-दर्द एक सा भाईचारा ही सुख बोता। ईद यहाँ अपनापन लाती, जिससे अब सूनापन खोता, मिट जाती जब मन की पीड़ा, मानव यहाँ चैन से सोता।। कार्यक्रम में सर्व श्री संस्थाध्यक्ष रणधीर प्रसाद गौड़ धीर,सचिव उपमेंद्र सक्सेना एड.,डॉ राजेश शर्मा,राममूर्ति गौतम,डॉ शिव शंकर यजुर्वेदी, आंनद पाठक,सरिता अग्निहोत्री, सत्यवती सिंह %सत्या%%, अमित मनोज, उमेश त्रिगुणायत, विजय चक्रवर्ती, राम कुमार कोली,ब्रजेन्द्र अकिंचन, रामशंकर प्रेमी, राम कुमार अफरोज,किशन बेधड़क, रीतेश साहनी एवं व्यास नंदन शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज दीक्षित टिंकू ने किया।

# बिलासपुर में 4 साल के मासूम की हत्या: अप्राकृतिक संबंध बनाया फिर पिता ने बच्चे का गला दबा दिया, अपहरण की फैलाई थी अफवाह

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। सीपत से लगे सेलर गांव में 4 साल के बच्चे की हत्या कर दी गई। हत्यारा कोई और नहीं बल्कि उसका पिता ही है। बच्चे के साथ अप्राकृतिक कृत्य की बातें सामने आ रही है। बच्चा शुक्रवार की शाम घर के बाहर खेल रहा था और अचानक गायब हो गया। परिजन रातभर उसे तलाशते रहे। शनिवार सुबह बच्चे की लाश घर से थोड़ी दूर गली में मिली। बच्चे के गले पर निशान थे। इस वारदात के बाद इलाके में दहशत है। लोग अपने बच्चों को लेकर डर गए हैं। पुलिस कुछ देर में मामले का खुलासा करेगी। सीपत पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सेलर निवासी मदन सूरजे का 4 वर्षीय बेटा शौर्य उर्फ दिव्यांशु सूरजे की लाश मिली। शुक्रवार को गांव की



गुड़ी के पास खेलते-खेलते वह गायब हो गया था। परिवार ने शुक्रवार की देर शाम बच्चे के गुम होने की सूचना सीपत पुलिस को दी थी। पुलिस ने भी तलाश शुरू की, लेकिन शौर्य की कोई जानकरी नहीं मिली। शनिवार सुबह बच्चे की लाश घर के पास मिली। पुलिस ने शौर्य के पिता को हिरासत में लिया है। शराब के नशे में उसने अपने ही मासूम बेटे की गला दबाकर उसकी हत्या कर दी है और बच्चे के गायब होने की झूठी कहानी भी गढ़ दी।

## पुलिस की पूछताछ में टूट गया आरोपी

शौर्य की लाश मिलने की सूचना पर सीपत टीआई हरीश तांडेकर, सिटी एसपी स्नेहिल साहू सहित पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। परिजन व ग्रामीणों से पुलिस पूछताछ कर जानकारी जुटा रही थी। बच्चे के शरीर में खरोच और गले में रस्सी के निशान मिले। पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद ली, लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली है। पुलिस की जांच में पति-पत्नी के बीच विवाद की बातें सामने आई है। पति द्वारा चरित्र संदेह में पत्नी से मारपीट की बातें भी खुली। पुलिस ने संदेह के आधार पर शौर्य के पिता मदन सूरजे को हिरासत में लिया है, जिसमें उसने हत्या की बात कबूल ली है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# पति को कनपटी में गोली मारी, पत्नी को दौड़ा कर पकड़ा किया खौफनाक कांड; पुलिस के हाथ अब तक खाली

जशपुर जिले के कांसाबेल थानाक्षेत्र में बीती रात अज्ञात हमलावरों ने पति-पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना ग्राम नवाटोली की है। मृतक पेशे से किसान हैं। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात को अज्ञात तीन हमलावर उनके घर पहुंचे और बाहर बुलाकर उन्हें गोली मार दी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस को आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। मिली जानकारी के अनुसार कांसाबेल थाना अंतर्गत ग्राम नवाटोली निवासी किसान संदीप पन्ना 40 वर्ष एवं उसकी पत्नी द्रोपदी पन्ना 38 वर्ष बीती रात करीब 11.30 बजे खाना खा रहे थे। तब ही अचानक उनके घर में अज्ञात तीन लोग पहुंचे और महुआ शराब खरीदने के लिए पूछताछ की। आरोपियों ने पति-पत्नी को घर के बाहर आंगन में बुलाया। संदीप पन्ना के पास पहुंचकर आरोपियों ने पिस्टल से उसके कपनटी में गोली मार दी। संदीप पन्ना मौके पर ही गिर गये और उसकी मौत हो गई। यह देखकर उसकी पत्नी द्रोपदी पन्ना अंदर की ओर भागीं। आरोपियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और उसकी कनपटी में भी गोली मार दी। उसकी भी मौके पर मौत हो गई। दोनों की हत्या के बाद आरोपी भाग निकले।

## मौके पर मिले कारतूस के खोखे

गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के रहने वाले लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने दंपती का खून से लथपथ शव देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कासांबेल पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल से 9 एमएम कारतूस के खाली खोखे बरामद किए हैं।

## जमीन विवाद में हत्या की आशंका

कुनकुरी एसडीओपी मनीष कुंवर ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। प्राथमिक पूछताछ में आशंका है कि जमीन विवाद को लेकर घटना हुई है। आरोपियों का सुराग लगाने की कोशिश की जा रही है।